तापमान
अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 38 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 9 जून, 2025

12 विकास की आड़ में बड़ा भ्रष्टाचार : चित्रा सरवारा



12 रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने मचाया धमाल



## खबर संक्षेप

### आरोपी निजी अस्पताल के कार्यक्रम में नहीं आए मंत्री

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड पर बने एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में चीफ गेस्ट एवं कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा नहीं पहुंचे। हलका विधायक मनमोहन भड़ाना व गन्नौर से भाजपा समर्थित विधायक देवेंद्र कादियान भी समारोह में नहीं पहुंचे। जबकि निजी अस्पताल संचालकों ने समारोह के निमंत्रण पत्र में इन सभी वीआईपी के आने की घोषणा कर रखी थी। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने कल वीडियो वायरल कर नगर पालिका की करोड़ों रुपयों की 640 वर्ग गज़ भूमि पर निजी अस्पताल मालिकों द्वारा अवैध कब्ज़ा करने का खुलासा किया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर ये वीआईपी इस समारोह में शामिल हुए तो इनके विरुद्ध लोकायुक्त कोर्ट में नामजद शिकायत केस दर्ज करवाया जाएगा।

### गहने व मोबाइल लूट के आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री टीम ने पानीपत के हरीनगर निवासी राजरानी से गहने व मोबाइल फोन लूट के मामले में रजनीकांत उर्फ सोनू मूल निवासी गांव कमलापुर जिला लखीमपुर खीरी हाल निवासी गांव निबंरी के रकबे में स्थित मुर्गी फार्म व अशोक मूल निवासी गांव सनौली मोहम्मदपुर जिला गौंडा, उत्तर प्रदेश हाल निवासी विद्यानंद कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। इस मामले में राजरानी की शिकायत पर थाना चांदनी बाग में केस दर्ज है। इधर, पुलिस ने लूट के सामान की बरामदगी को दोनों आरोपियों के कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### राहगीरों से नकदी लूट के चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने पीवीआर के सामने लोहा पुल पर राहगीरों से नगदी लूट करने के आरोप में श्रीनिवास पुत्र राजपाल निवासी हुडा सेक्टर छह, मोहित पुत्र राजेंद्र, जगजीत पुत्र सुरेंद्र व मोहित पुत्र गुलशन निवासी कच्चा कैंप की पुरेवाल कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में लूट की दो वारदात करना स्वीकारा है। थानेदार राकेश ने बताया कि नगदी लूट की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में गढी बेसिक गांव निवासी मुजम्मिल और नूरवाला की जसबीर कॉलोनी निवासी मोहित पुत्र राधेश्याम की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पानीपत में नाली में भ्रूण पड़ा मिला, मामला दर्ज

**पानीपत।** आजाद नगर की एक गली में एक नाली में भ्रूण पड़ा मिला। भ्रूण को आवारा कुत्ते नोच रहे थे। जिन्हें वहां टहल रहे स्थानीय युवक ने भगाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस व एफएसएल की जांच में पता चला कि पांच माह की लड़की का भ्रूण था, जिसे उसकी मां ने जन्म से पहले ही मार दिया। अनिल निवासी आजाद नगर ने बताया कि सात जून की रात को वह घर के बाहर गली में टहल रहा था। तभी उसने देखा कि गली में नाली के किनारे कुछ आवारा कुत्ते एक भ्रूण को नोच रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब बनाने और बेचने का आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नाजायज शराब बनाने व बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नाजायज शराब बनाने व बेचने के आरोप में अमरजीत सिंह वासी शरीफगढ जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 100 लीटर लाहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अमरजीत सिंह वासी शरीफगढ जिला कुरुक्षेत्र अपने घर पर अवैध शराब निकालने व बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव शरीफगढ स्थित मकान से अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया।

## मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र वासियों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प

# धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को योग की भूमि के रूप में विश्व के मानचित्र पर जानेंगे : नायब सैनी

### 21 को योग महाकुंभ में पहुंचेंगे एक लाख से ज्यादा साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- बोले, 177 देशों ने योग को अपनाया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर योग भूमि के रूप में भी जानेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 21 जून को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे।

इतना ही नहीं 21 जून को योग दिवस पर पूरे प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुडेंगे। इन ऐतिहासिक और यादगार लम्हों को विश्व के कोने-कोने में देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के सभागार में जिला प्रशासन की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थाओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से फीडबैक लेकर चर्चा की है। इस योग महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प दिलवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब देश में स्वच्छता और योग होगा तो देश गति के साथ विकसित भारत की तरफ बढ़ेगा। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेश में 27 मई से स्वच्छता अभियान चलाकर शुरू कर दिया गया है, 21 जून के आयोजन के लिए योग की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब यूएनओ में योग का प्रस्ताव रखा तो 177 देशों ने इस पर अपनी सहमति दी और हमारी धरा से निकाला योग विश्व में हर जन-जन तक पहुंचा है।



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### मोदी ने योग पद्धति को पूरी दुनिया में फैलाया

प्रधानमंत्री ने योग पद्धति को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य होना चाहिए। योग किसी एक व्यक्ति या एक विचार का कार्यक्रम नहीं है। योग में हमारी प्राचीन विचारधारा सम्मिलित है, ऋषियों ने हमें उपहार के तौर पर योग और ध्यान दिया है। योग करने से मनुष्य हष्ट-पुष्ट रहता है। योग को लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने योग को बनाए रखने का काम किया है।

### शपथ दिलाई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभागार में मौजूद संस्थाओं, एनजीओ व अन्य लोगों को शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा, मैं आज संकल्प लेता हूं कि मैं अपने जीवन में नियमित रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनाउंगा। मैं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहूंगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करंगा। मैं अपने परिवार समाज और कार्यस्थल में योग का प्रचार प्रसार करूंगा। मैं हरियाणा को योग युक्त, नशा मुक्त राज्य बनाने के इस महान यज्ञ में सक्रिय भागीदारी निभाउंगा।

### भ्रूण लिंग की जांच के अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग की जांच करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने सेक्टर 30 में रेड मारकर सुखदेव और आकाश को दबोच लिया। सुखदेव के पास से फर्जी ग्राहक द्वारा दिए 30 हजार रुपये और डॉक्टर आकाश के पास से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, मोबाइल बरामद हुआ।

- 30 हजार नकद और डॉक्टर पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, मोबाइल फोन बरामद

सुखदेव के खिलाफ पीएनडीटी के 2 केस और डॉक्टर आकाश के खिलाफ 3 केस दर्ज है। सिविल सर्जन को सूचना मिली थी कि हंसाला गांव का सुखदेव गर्भ में पल रहे भ्रूण लिंग की जांच करने का गैरकानूनी काम कर रहा है। इस पर विभाग की टीम ने एक महिला को फर्जी ग्राहक तैयार करके दलाल सुखदेव के संपर्क में भेजा। आरोपी ने लिंग जांच के लिए 30 हजार रुपए की डिमांड की। आरोपी दलाल अपने साथ सहारनपुर के आकाश को उसके घर ले गया। यहां आरोपी ने गर्भवती बनी फर्जी ग्राहक महिला का अल्ट्रासाउंड कर गर्भ में लड़का होना बताया। टीम ने अल्ट्रासाउंड करने वाले समेत दलाल को काबू किया। पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन कब्जे में ले ली।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से ठगे 12 लाख

**यमुनानगर।** प्राध्यापक की नौकरी दिलाने के नाम पर जठलाना निवासी अक्षय अग्रवाल से 12 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप हिसार जिले के कोहली गांव निवासी रोबिन व रविंद्र कुमार पर लगा है। जठलाना थाना पुलिस ने देर शाम दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

अक्षय अग्रवाल ने बताया कि कोहली गांव निवासी रोबिन कर्मकांडी पंडित के रूप में कार्य करता था। जिसके चलते उसकी रोबिन के साथ जान पहचान हो गई। वर्ष 2021 में उसने हरियाणा लोक सेवा आयोग से इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग में प्राध्यापक के पद के लिए आवेदन किया था। इस बीच अप्रैल 2022 में रोबिन उसके घर पर आया था। उसने आरोपी रोबिन से इस आवेदन के बारे में बात की। आरोपी ने कहा कि उसके दोस्त रविंद्र कुमार के उच्च अधिकारियों से संबंध हैं। जिसके बाद वे आरोपी रविंद्र से मिले। आरोपी ने नौकरी के लिए 24 लाख रुपये का खर्च बताया। उसने आरोपी को अलग-अलग कर 12 लाख रुपये दे दिए। बाकी रुपये नियुक्ति मिलने के बाद देने की बात तय हुई। इस दौरान परीक्षा भी हो गई लेकिन नौकरी नहीं मिली। नौकरी न मिलने पर उसने आरोपियों से रुपये वापस मांगे तो वह बहाने बनाने लगे। बाद में मौजिज लोगों की पंचायत हुई। जिसमें आरोपियों ने आठ लाख का चेक उसे दिया। जब चेक को बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया।

## दंपति के अस्पताल जाते ही पीछे से घर में सेंधमारी

**बराड़ा।** गांव बिहटा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। गांव की रहने वाली एक महिला जब अपने पति को इलाज के लिए अस्पताल में लेकर गई तो पीछे से चोरों ने सुने पड़े घर को अपना निशाना बनाया। घर में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ किया।

- अलमारी का ताला तोड़ गहने व नकदी चोरी

महिला सरिता रानी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 3 जून 2025 को शाम करीब 4 बजे वह अपने पति संजीव कुमार के साथ एमएम अस्पताल मुलाना इलाज के लिए गई थीं। उनके पति को पित्ते की पथरी की गंभीर तकलीफ के चलते भर्ती किया गया था। 4 जून को उनका ऑपरेशन होना था। सरिता ने बताया कि वह अपने दोनों बच्चों को गांव रुकड़ी में अपने मायके में छोड़कर पति को लेकर अस्पताल गई थी। इलाज हेतु पैसे लेने के लिए जब वह 4 जून को दोपहर में वापस अपने घर लौटी तो देखा कि घर के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। चोरों ने घर से सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चुराकर ले गए। चोरीशुदा सामान में एक सोने का मंगलसूत्र (करीब 3 ग्राम), गले का हार, कानों के टॉप्स, सोने की चूड़ियां, माथे का टीका, चार सोने की अंगूठियां जिनका कुल वजन करीब 5 तोला बताया गया है। साथ ही एक जोड़ी चांदी की पाजेब व 55,000 रूपये की नकदी शामिल है।

## इंद्री नहर से युवक का शव बरामद परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

- गांव के ही गुड्डू नामक युवक से पुराना विवाद बताया कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/इंद्री

जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन मौतों के मामले सामने आए हैं, जिनमें एक युवक का शव इंद्री नहर से मिला, एक अज्ञात शव सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिला, वहीं एक बच्ची की सर्प डंस से मौत हो गई। इंद्री नहर से शनिवार को एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान बीबीपुर जाटान निवासी सुनील के रूप में हुई है। स्वजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

मृतक की पत्नी रीना ने आरोप लगाया कि सुनील का गांव के ही गुड्डू नामक युवक से पुराना विवाद चल रहा था। रीना के अनुसार, 6 जून को सुनील को किसी व्यक्ति ने गुड्डू की ओर से फोन कर बुलाया था, जिसके बाद वह लापता हो गया था। थाना इंद्री प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवक का शव वाहन से कुचले जाने का संदेह

वहीं, जीटी रोड स्थित आईटीआई चौक के पास एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया है। युवक निर्मल कुटिया में भोजन करता था और अक्सर फुटपाथ पर सोता था। शव पर वाहन के टायरों के निशान पाए गए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी श्रीभगवान ने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो पाई है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत

**घरौंडा।** तीसरी दुखद घटना में सर्प दंश से 10 वर्षीय बच्ची की मौत होने का समाचार मिला है। घरौंडा क्षेत्र के हथलाना गांव में हुई, जहां 10 वर्षीय लक्षिता नामक बच्ची की सर्प डंस से मौत हो गई। मृतक बच्ची के दादा महावीर के अनुसार, वह खेत में अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी जब कोबरा ने उसके पांव के अंगूठे में डंसा। शुरू में परिवार को कांटा चुभने का भ्रम हुआ, लेकिन कुछ ही घंटों में उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता हरियाणा होमगार्ड में कार्यरत हैं। इन घटनाओं से इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। संबंधित थाना पुलिस ने सभी मामलों में जांच आरंभ कर दी है।

### युवक ने नाबालिग लड़की के साथ छह माह तक किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसला कर नाबालिग लड़की के साथ करीब छह माह तक दुष्कर्म किया।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शहर की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई के कुछ साल पहले मौत हो गई थी। उसकी 16 वर्षीय भतीजी अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहती हैं। व्यक्ति ने बताया कि उसके भतीजे की आकाश नामक युवक के साथ जान पहचान थी।

आकाश ने उसकी भतीजी को बहला फुसला कर दिसंबर 2024 से गत जून माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसकी भतीजी ने घटना के बारे में परिजनों को बताया।

## गाय को बचाने के चक्कर में पश्चिमी यमुना नहर में गिरी स्कॉर्पियो कार

- चालक ने कूदकर बचाई जान गोताखोरों ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के दादूपुर हेड के पास गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई स्कॉर्पिओ कार पश्चिमी यमुना नहर में गिर गई। कार चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। बाद में गोताखोरों ने क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला। नहर में गिरने से स्कॉर्पियो कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे बेगमपुर के सरपंच पंकज का ड्राइवर दादूपुर हेड के संकरे पुल से गुजर रहा था। तभी अचानक से उसकी गाड़ी के सामने एक गाय आ गई। जिसको बचाने की कोशिश में स्कॉर्पियो गाड़ी पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए यमुना नहर में गिर गई।



**यमुनानगर।** दादूपुर हेड के पास नहर में गिरी स्कॉर्पियो को बाहर निकलते लोग।

गनीमत यह रही की गाड़ी नहर में गिरते समय जब रेलिंग पर अटकी तो उसी समय चालक ने बिना देरी किए गाड़ी का दरवाजा खोलकर बाहर छलांग लगा दी और अपने आप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और गाड़ी नहर में गिर गई। रविवार को गोताखोर राजीव ने बताया कि सूचना मिलने पर वह अपनी टीम के साथ यहां पहुंचे और जेसीबी क्रेन की सहायता से स्कॉर्पियो गाड़ी को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में किसी की जान नहीं गई। नहर में गिरने से कारक क्षतिग्रस्त हो गई है।

## प्रदेश का खेलों में पूरे देश में अग्रणी स्थान : गोयल

# स्टेट जूनियर वुशु चैंपियनशिप का आग़ाज

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने किया वुशु चैंपियनशिप का शुभारंभ
- ऐसी चैंपियनशिप से युवाओं को मिलती है नई दिशा और प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में दूसरी हरियाणा स्टेट जूनियर बॉयज़ एंड गर्ल्स वुशु चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने किया। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 500 प्रतिभागी खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन मैच की शुरुआत स्वयं पूर्व मंत्री असीम गोयल ने करवाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विभिन्न राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे दिन-रात प्रदेश की प्रगति में जुटे हुए हैं। गोयल ने यह भी कहा कि हरियाणा, खेलों और सैन्य सेवा में पूरे देश में अग्रणी स्थान रखता है और इस प्रकार की चैंपियनशिप से युवाओं को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।



अंबाला। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सूने घर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी किए

**यमुनानगर।** शहर की राजीव गार्डन बैंक कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखें करीब ढाई लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला।

राजीव गार्डन बैंक कॉलोनी निवासी रणजीत सिंह ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह छह जून को रात 10 बजे परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान घर का ताला लगा हुआ था। सुबह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखें गले का रानी हार, दो जोड़ी बालियां, दो जोड़ी अंगूठी, एक टीका, सोने की चूड़ियां व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत दो लाख 66 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

## इंटीग्रिटी रन में सेना के पूर्व जवानों ने दिखाया दम



**अंबाला।** इंटीग्रिटी रन में हिस्सा लेने वाले सेना के पूर्व जवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, खड़गा कोर ने रविवार को अंबाला छावनी के खड़गा स्टेडियम से अंबाला इंटीग्रिटी रन' को हरी झंडी दिखाई। इसका आयोजन ऑलिव ग्रीन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किया गया था। इस दौड़ द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता का सम्मान करते हुए और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। इस रन में सेवारत सैनिकों, दिग्गजों और स्थानीय लोगों सहित स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एकता और एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है। यह दौड़ सशस्त्र बलों के समर्पण और सेवा के लिए जनता के आभार को दर्शाती है।

## खबर संक्षेप



करनाल। पंचायत रोड़ान व कंबोयान मोहल्ला दयालपुरा कार्यालय में विचार व्यक्त करते प्रधान रामधन कांबोज व उपस्थित सदस्य।

### रामधन बने पंचायत रोड़ान व कंबोयान के प्रधान

**करनाल।** शहर की सबसे प्राचीन सामाजिक संस्था पंचायत रोड़ान व कंबोयान मोहल्ला दयालपुरा की कार्यकारिणी के त्रैवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से 11वीं बार रामधन कांबोज को प्रधान चुना गया है। चौधरी रघबीर सिंह को उपप्रधान, राजिंद्र नंबरदार महासचिव, अश्विनी कुमार दाबड़ा खजांची, इंद्र सिंह कांबोज को सहसचिव बनाया गया है। विशेष आंमत्रित सदस्यों के रूप में रिंकल दाबड़ा, तेजपाल, मुकेश कुमार, अजय आर्य, संजीव कांबोज, सुनील कुमार, गौरव, राजिंद्र कांबोज शामिल हैं। संस्था के करीब 70 साधारण सदस्य बैठक में मौजूद रहे।



### राम मंदिर सेक्टर आठ में शिव स्तुति का पाठ किया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में शिव स्तुति का पाठ किया गया। हर रविवार की तरह श्रद्धालु अलसुबह मंदिर में पहुंचे। भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया। भोलेनाथ का शृंगार फूलों से किया गया। बेलपत्र, मंजरी तुलसी और गुलाल अर्पित किए गए। मुख्य यजमान के रूप में सुमित बत्रा ने परिवार सहित शिरकत की। आचार्य हरीश शास्त्री ने पूजन कार्य सम्पन्न करवाया। संपन्न करवाया।




### नपा ने चलाया स्वच्छता से स्वास्थ्य कैंपेन

**तरावड़ी।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शहर तरावड़ी मे आज नपा कर्मियों ने शहर मे स्वच्छता से स्वास्थ्य का अभियान चलाया। सचिव नगर पालिका के आदेशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के अंतर्गत शहर में स्वच्छता, साफ सफाई, पॉलिथीन, अतिक्रमण विपय पर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार शहर में सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण को हटाने के भरपूर प्रयास किये जा रहे हैं । इसी कड़ी में नगर पालिका के परविन्द्र सिंह मोटीवेटरों द्वारा स्वच्छता से स्वास्थ्य के विषय पर जनसमूह को संबोधित किया गया ।

---

### 20 लाख रुपये की सीवर क्लीनिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर जनता को किया समर्पित

# घरौंडा हलके में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने 3.36 करोड़ की तीन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- ढाई करोड़ की लागत से बनने वाले चिल्ड्रन पार्क व लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी किया शिलान्यास
- कहा-भविष्य में घरौंडा हलके को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा
- विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगा








हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को घरौंडा में 3 करोड़ 36 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने 20 लाख रुपये कीमत की सीवर क्लीनिंग मशीन को भी हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सीएचसी घरौंडा, पुरानी तहसील और वार्ड-17 में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में घरौंडा हलके को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर 70 लाख रुपए की लागत आएगी और निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा 9 महीने में पूरा कराया जाएगा। यूनिट शुरू होने के बाद यहां उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आने वाले सभी नमूनों (सैंपल) की जांच हो सकेगी। इसके अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण भी होगा। इस मौके हैप्पी गुप्ता, सचिव रवि प्रकाश शर्मा, एमई संदीप राठी, एक्सईएन पब्लिक हैल्थ संजय शर्मा, एसडीओ रवींद्र सैनी, जेई अंकित छौक्कर, पार्षद अनुज गुप्ता, उप सिविल सर्जन डा. रवींद्र संधू, डा. मुनीष गोयल, डा. विनोद गोयल,रोहित भंडारी, कमल धीमान, मण्डल उपा अध्यक्ष मति रीना आटवल, डॉक्टर बिंद्राबन,वार्ड 17 के पार्षद संजीव पाल, रघुवंश सैनी समाज सेवा समिति के प्रधान कली राम आदि मौजूद रहे।

#### चिल्ड्रन पार्क व लाइब्रेरी के निर्माण कार्य शिलान्यास

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा के बीडीपीओ कार्यालय के नजदीक वार्ड-4 में चिल्ड्रन पार्क व लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। करीब एक एकड़ में बनने वाले इस पार्क में पर ढाई करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसे एक साल में तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने वार्ड-17 की अशोका कॉलोनी में रघुवंश सैनी समाज सेवा समिति के अंतर्गत हाल के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। सरकार की ओर से इसके लिए 17 लाख रुपये की ग्रांट दी गई है।

#### चिल्ड्रन पार्क शहर के लिए बड़ी सौगात

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने चिल्ड्रन पार्क को शहर की एक बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि इसके लिए सबसे पहले सुभाष गुप्ता ने सुझाव दिया था। पार्क के लिए जमीन लेने में कुछ समय लग गया। तकनीकी दिक्कतों को दूर करते हुए विकास के प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने में कई बार वक्त लग जाता है। शहर के लिए यह पार्क बड़ी सौगात है। पार्क की मांग काफी पुरानी थी। उन्होंने बताया कि इस पार्क में ओपन जिम, योग के लिए बड़ा शैड, एक्टिविटी के लिए हाल और लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को पार्क में बुजुर्गों के लिए रैंप की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पार्क का दुरूपयोग न हो, इसके लिए कुछ नियम भी तय करने के लिए कहा।

#### तेजी से होंगे विकास कार्य

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पिछले दस सालों में हलके में काफी विकास हुआ है। इसके लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। साथ ही कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। घरौंडा में नये बस अड्डे का निर्माण, उपमंडल (नागरिक) की स्थापना, कोर्ट की शुरुआत, रेलवे की जमीन पर पार्क का निर्माण, 35 कालोनियों को नियमित कराना, रेलवे से जमीन लेकर अंडर पास रास्ते का निर्माण करना, आईटीआई व लड़कियों के लिए कॉलेज की स्थापना जैसे अनेक कार्य दस वर्षों में कराए गए हैं। कालोनियों में सीवर, पानी, गलियों का निर्माण व अन्य मूलभूत सुविधाओं संबंधी 80 प्रतिशत कार्य पूरे किए जा चुके हैं। आगे भी तेज गति से विकास कार्य होंगे।

#### घरौंडा हर दिशा में आगे बढ़ रहा

कल्याण कहा कि आज घरौंडा हर दिशा में आगे बढ़ रहा है। छह महीने बाद रिंग रोड और मेडिकल यूनिवर्सिटी भी शुरू हो जाएगी। रैपिड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने से यहां के युवाओं को दिल्ली तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी। प्रोजेक्ट के तहत पानीपत और करनाल के बीच तीन स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके बाद हलके की तस्वीर ही बदल जाएगी। औद्योगिक इकाइयों के आने से युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। विकास के मामले में जिस प्रकार नरेंद्र मोदी देश को नई बुलंदियों पर पहुंचा रहे हैं उसी तरह हरियाणा भी मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। वार्ड 15 की अशोका कालोनी में कल्याण ने कहा कि व्यक्ति को समाज



#### विस अध्यक्ष की सादगी, पेड़ के नीचे सुनीं आमजन की समस्याएं, मौके पर किया निपटारा

करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने भले ही हरियाणा विधानसभा की नई जिम्मेदारी संभाल ली हो लेकिन हलके के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना और समाज सेवा का जज्बा उनकी शख्सियत में झलकता है। ज्येष्ठ के महीने की तपती गर्मी में रविवार को जब वह आमजन की समस्याएं सुनने के लिए घरौंडा के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे तो पेड़ के नीचे ही समस्याओं को सुनने के लिए बैठ गए। उन्होंने गर्मी की परवाह नहीं की बल्कि मिलने आए लोगों की संवेदनाओं को समझा। तपती दोपहरी में उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। लोग बिजली, सड़क, टयूबवैल लगवाने जैसी समस्याओं को लेकर उनके पास पहुंचे थे। राजेंद्र नामक व्यक्ति ने बसताड़ा में नाला पक्का करवाने की मांग की। इसके बाद उन्होंने एसडीएम, नगर पालिका सचिव और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर हलके व शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, नगरपालिका सचिव हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, मंडल सचिव भारती, रीना अटवाल, समाजसेवी पुरुषोतम सेठी, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी आदि मौजूद रहे।

---

## साझा साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी आयोजित

**करनाल।** साझा साहित्य मंच द्वारा स्थानीय सेक्टर-12 स्थित हुडा कार्यालय परिसर में एचएसवीपी वर्कर यूनियन कार्यालय में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता हरियाणा साहित्य अकादमी से श्रेष्ठ कृति पुरस्कार प्राप्त कवि जय भारद्वाज तरावड़ी ने की, जबकि राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी संजीव लखनपाल मुख्य अतिथि एवं कवि जनाब जगदीश मदान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

काव्य गोष्ठी में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य नेता उधम सिंह राठी, रोशन लाल गुप्ता व कृपाल सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन कृष्ण कुमार 'निर्माण' ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष जय भारद्वाज ने कहा कि "जितना अधिक पढ़ेंगे, उतना ही बेहतर लिख पाएंगे। सांझा साहित्य मंच साहित्य के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

## काजला खाप की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राष्ट्रीय काजला खाप की बैठक रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में खाप संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसी के साथ समाज में दहेज, नशा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने पर विचार किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला ने राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप काजला से विचार विमर्श कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों तथा सभी प्रदेशों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इसमें जींद के पूर्व विधायक सूरजभान काजला को राष्ट्रीय सलाहकार, नंबरदार राममेहर काजला को राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिनेश काजला नारनौंद को कोषाध्यक्ष, चंद्रभान काजला, हिसार को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. मनोज काजला संगरूर, बीरबल काजला, सीकर, ओमप्रकाश काजला नजफगढ़, गोपाल काजला खाटूश्याम, रतनपाल काजला मेरठ व हरफूल काजला खाटूश्याम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नरेश काजला पानीपत को राष्ट्रीय महासचिव, बंशीधर काजला खाटूश्याम, अश्वनी काजला भिवानी, नायाब सिंह काजला संगरूर, रणबीर काजला करनाल, दलबीर काजला मुरादाबाद, आदित्य काजला मेरठ, वीरभान काजला संगरूर, एडवोकेट अरविंद काजला बीकानेर, होशियार सिंह काजला जींद, सुरेश काजला कुरुक्षेत्र, रोहतास काजला झुनझुनू, रणधीर काजला जीरकपुर व राकेश काजला संगरूर को राष्ट्रीय सचिव व राजपति काजला को राष्ट्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।



राष्ट्रीय काजला खाप में कार्यकारिणी की घोषणा करते पदाधिकारी।

## पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण दिया का संदेश



**करनाल।** कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने कैलाश गांव में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला महासचिव बिंदर पोसवाल कार्यक्रम के संयोजक रहे। इससे पहले जिला प्रधान शहरी अनिल शर्मा व ग्रामीण प्रधान मदन राणा की अध्यक्षता में मीटिंग की गई। कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाने के बाद इनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। अनिल शर्मा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति को संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने जन्मदिन और परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर एक-एक पौधा जरूर लगाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुहिक प्रयास जरूरी हैं। पेड़ों के कटाव को रोकने के लिए कांग्रेरस सेवादल लोगों को जागरूक कर रहा है। प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, जिला महासचिव बिंदर पोसवाल, विकास विग, विकास कांबोज, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, जिला सचिव गुरमीत सिंह, मैनपाल पोसवाल, रोहताश, धर्मपाल, धोला गोस्वामी, वीरेंद्र भाठ, हंसराज, सुभाष माटा, सौरभ विग व शुभम पोसवाल मौजूद रहे।

## 'योग युक्त नशा मुक्त' हरियाणा की दिलाई शपथ, वृक्षारोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस कमांडो बल मुख्यालय, नेवल (करनाल) में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत एक अन्तरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर का आयोजन राजेन्द्र कुमार मीणा, भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी, प्रवर पुलिस अधीक्षक, कमांडो के मार्गदर्शन में आयुष विभाग करनाल तथा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। इस योग शिविर में कमांडो मुख्यालय नेवल के अधिकारी, कर्मचारी, नवप्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र नेवल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी जवान तथा प्रशिक्षण दल ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत आयुष विभाग तथा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की टीम का स्वागत कर की गई। शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने अन्तरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया।

## भ्रष्टाचार फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत होगा ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन 15 जून को एक होटल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उभरती हुई कलाकार लावण्या ने नरेंद्र अरोड़ा को उनका पोट्रेट बनाकर प्रदान किया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का उद्देश्य देश के लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना ओर कानून का पालन करने की प्रेरणा देना है जिसके लिए कई प्रोजेक्ट्स किए जाते हैं और उसी कड़ी में फाउंडेशन द्वारा रविवार 15 जून को नूरमहल होटल में राष्ट्र स्तरीय करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।



## विदेशों में भी तरावड़ी के बासमती चावल की मांग

**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर की राइस मिलों में तैयार होने वाले बासमती चावल देश विदेश मे मशहूर है। इसका श्रेय यहां के चावल निर्माताओं को जाता है जोकि अच्छी क्वालिटी का धान खरीद कर आधुनिक मशीनों द्वारा चावल तैयार करके विदेशो मे भेजते है। तरावड़ी शहर का का चावल दुबई, ईरान, सऊदी, अरब, यमन जैसे देशों में जाता है । चावल की बढ़िया क्वालिटी बनाकर पहचान बनाने में मुकाम हासिल किया है तो इसके पीछे चावल व्यापारियों की मेहनत व लगन है। शहर की राइस मिलों में तैयार होने वाले बासमती के चावल की मांग विदेशों में हर समय बनी रहती है जब तक आपके धान की बढ़िया क्वालिटी नहीं होगी तब तक आप बढ़िया क्वालिटी का बासमती चावल नहीं बना सकते। इस शहर का चावल व्यापारी चावल की क्वालिटी में किसी तरह का कोई समझौता नहीं करता इसकी वजह से उक्त देशों में शहर की मिलों में तैयार होने वाले चावल की मांग हर समय बनी रहती है। शहर के चावल एक्सपोर्टर डबल चाबी चावल के निर्माता बृजभूषण गोयल, गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के विजय गोयल जानकीदास राइस मिल के दविंदर सिंगला, जी वी राइस मिल के प्रमोद बंसल, 521 चावल के निर्माता पंकज गोयल एवं बी डी ओवरसीज केप्रवीण गर्ग, श्री हंस राईस मिल के मालिक प्रदीप गुप्ता का कहना है अगर हम चावल एक्सपोर्ट में के काम में सफल हो पाए हैं।



ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्ट यूनियन के यूथ उपाध्यक्ष मुनीश।

---

**कार्यक्रम** | खंड स्तरीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का चौथा दिन

## विद्यार्थी के साथ अध्यापक का जुड़ाव अच्छी शिक्षा का आधार: डॉ. करनैल

*मास्टर ट्रेनर व अध्यापकों का मार्गदर्शन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सौजन्य से आयोजित की जा रही खंड स्तरीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन पांचों समूहों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सीखने-सिखाने की गतिविधियों का अभ्यास करवाया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर से प्राध्यापक डॉ. करनैल सिंह व डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया और मास्टर ट्रेनर व अध्यापकों का मार्गदर्शन किया। डॉ. करनैल सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों के नाम जरूर पता होने चाहिएं। नाम से संबोधित करने से विद्यार्थियों का अध्यापकों के साथ जुड़ाव होता है।



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में खंड स्तरीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला में अध्यापकों को संबोधित करते डाइट प्राध्यापक डॉ. करनैल। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने अध्यापकों को एक दूसरे से परिचय की गतिविधि सिखाते हुए कहा कि विद्यार्थियों का बेहतर मार्गदर्शन करने के लिए उनकी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को समझना महत्वपूर्ण उपाय हो सकता है। उन्होंने अध्यापकों को स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर काम करने का आह्वान किया। डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि स्कूलों का वातावरण स्नेह, प्रोत्साहन व समावेश से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रशिक्षण संयोजक धर्मेन्द्र चौधरी, प्रशिक्षक डॉ. बारू राम व रविन्द्र शिल्पी ने कहा कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अध्यापकों को नई शिक्षा नीति-2020 और एफएलएन के अनुसार शिक्षण को रूचिकर व गतिविधि आधारित बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। स्कूलों में सीखने-सिखाने की कुशल गतिविधियों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आ रहा है। कार्यशाला मे बीआरपी धर्मेन्द्र चौधरी, एबीआरसी डॉ. बारू राम, अनिल आर्य, रजत शर्मा, प्रशिक्षक रविन्द्र शिल्पी, कविता रानी, निशा कांबोज, नीतू कांबोज, युगल किशोर, पूजा देवी, सुखविन्द्र कांबोज, मोनिका, सुनंदा शर्मा, अनुपमा, रीना रानी, अरूण कैहरबा, महिंद्र खेडा, प्रियंका व सविता आदि मौजूद रहे ।

### भाकियू ने मांगों को लेकर इंद्री में की मीटिंग

## किसानों को फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक इंद्री की मीटिंग नई अनाज मंडी में ब्लॉक प्रधान राजपाल सिंह की अध्यक्षता मे हुई । मीटिंग में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने शिरकत कर किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया । सेवा सिंह आर्य ने कहा है कि सरकार किसानो की अनदेखी कर रही है जिसकी वजह से किसानों की आर्थिक हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है । उन्होने कहा कि किसानों को फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए, इंद्री की एस्केप ड्रेन में पानी छोड़ा जाए ताकि पशु पक्षियों को पीने का पानी मिल सकें और इंद्री क्षेत्र का वाटर लेवल ऊपर उठ सके, सरकार बेसहारा पशुओं के लिए इंतजाम करे, इंद्री अनाज मंडी से मटक माजरी अड्डे तक सडक़ की हालत बहुत खराब है जिसकी वजह से किसानों को आने-जाने में बहुत असुविधा होती है इसको तुरंत ठीक करवाया जाए आदि मांगे है । इस मौके पर भीम सिंह, राजेंद्र सिंह, पूर्णचंद, दर्शन, जयकुमार, ईशम सिंह, रमेश चंद, सतीश कुमार आदि किसान मौजूद रहें ।



इंद्री। इंद्री अनाज मंडी मे मीटिंग के बारे मे जानकारी देते भाकियू नेता सेवा सिंह आर्य।

## खबर संक्षेप

### पेट में चाकू मारकर घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़ी बेसिक में ईद के पर्व पर मुकीम के सिर व पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया गया। मुकीम की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने जुबेर, नाजीम, सावेज आदि पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, घायल मुकीम का अस्पताल में उपचार चल रहा है और घायल की हालत स्थित बनी हुई है।

### मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**पानीपत।** एलएसबीटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंधापुर में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र सैनी, प्राचार्या डा. आशा सैनी ने कहा कि एलएसबीटी स्कूल शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखता बल्कि बच्चों के व्यवहारिक, नैतिक और मानसिक विकास पर भी विशेष बल देता है। इससे बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास होता है।

### डेरा प्रेमियों ने नाम चर्चा की

**पानीपत।** पानीपत की कश्यप धर्मशाला में नामचर्चा का आयोजन हुआ। नामचर्चा का शुभारंभ धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा लगवाकर की। वहीं डेरा प्रेमियों ने कहा कि सच्चे मन से की गई सेवा सिमरन का फल सतगुरु जी साथ के साथ देते है। इस अवसर पर बडी संख्या में डेरा सच्चा सौदा के प्रेमीगण उपस्थित रहे।

### प्रभु परशुराम की मूर्ति लगाई

**पानीपत।** पानीपत के गांव गांजबड में भगवान परशुराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें पण्डित पवन गौतम जौरासी द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। गांव के गणमान्य व्यक्ति मौके पर उपस्थित रहे। पण्डित दिनेश कुमार कौशिक ने कहा कि हमें भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि मनुष्य को शास्त्र का ज्ञान होना चाहिए। पण्डित शोभाराम शास्त्री ने कहा कि परशुराम भगवान से पितृ भक्ति की सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर पं. विष्णु दत्त शास्त्री, देवेन्द्र स्वरूप, सुभाष, अश्वनी कुमार, मुकेश कुमार एवं गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कैंप में बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** माधव चाइल्ड क्लिनिक की तरफ से गांव अमीन में रामलीला ग्राउंड में फ्री हेल्थ कैंप लगाया गया। कैंप में गांव के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां दी गई।

# नगर निगम के सीनियर व डिप्टी मेयर पदों को लेकर राजनीति

## पार्षद नवल जिंदल, अनिल मदान, तरूण गांधी, संजीव दहिया, अशोक कटारिया व मंजीत कौर दौड में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर एवं डिप्टी मेयर के पद को लेकर राजनीतिक क्षेत्रों में सरगर्मियां बढ़ गई है। राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि सीनियर डिप्टी मेयर का पद अग्रवाल समाज या पंजाबी समाज को जाएगा जबकि डिप्टी मेयर का पद अनुसूचित जाति को जाने की संभावना है। गौरतलब है कि 26 पार्षदों की नगर निगम में इस बार पंजाबी वर्ग के 8 पार्षद ,ब्राह्मण समाज से पांच पार्षद ,अनुसूचित जाति से तीन पार्षद ,जाट जाति से दो पार्षद ,पिछड़ा वर्ग से 6 पार्षद एवं अग्रवाल समाज से दो पार्षद विजयी होकर आए हैं। यहां यह भी कहा जा रहा है कि पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज एवं पानीपत ग्रामीण से विधायक एवं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा इन दोनों पदों में से अपने एक-एक समर्थक का नाम देंगे। वही सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर बनेगा। राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि पानीपत से विधायक पंजाबी है, सांसद भी पंजाबी है, इसलिए सीनियर डिप्टी मेयर का पद अग्रवाल समाज को दिया जा सकता है। अग्रवाल समाज से श्री रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवल जिंदल वार्ड नं-9 से विजयी होकर आए हैं। जिन्हें विधायक प्रमोद विज का सबसे करीबी पार्षद माना जाता है। वैसे तो पानीपत के मेयर पद जनरल के लिए आरक्षित था लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं ने पिछड़ा वर्ग की कोमल सैनी को टिकट देकर विजयी बनाया है। पंजाबी समाज में अनिल मदान एवं तरुण गांधी का नाम भी लिया जा रहा है। वही अनुसूचित जाति के दूसरी बार जीत कर आए अशोक कटारिया एवं मनजीत कौर का नाम डिप्टी मेयर के लिए लिया जा रहा है अशोक कटारिया जहां विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के करीबी है। वही हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के रिश्तेदार भी हैं। इसलिए डिप्टी मेयर के लिए उनका नाम तय माना जा रहा है। सीनियर डिप्टी मेयर के लिए संजीव दहिया का भी नाम सामने आ रहा है। अब देखना यह है कि भाजपा हाई कमान किसकी पर्ची निकलेगा।

# समालखा नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी खतरे में

## अशोक ने अपने नामांकन फॉर्म में क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपाया, एसडीएम आज करेंगे इस मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समालखा नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव के दौरान नामांकन फॉर्म में क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपा कर चुनाव लड़ने के आरोपों की शिकायत की जांच शुरु होने से पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल की चिंता बढ़ गई है। एसडीएम समालखा अमित कुमार ने नोटिस भेज कर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल, शिकायतकर्ता पीपी कपूर व पालिका सचिव प्रदीप खर्ब को सोमवार यानि नौ जून की दोपहर बाद जांच के लिए अपने कार्यालय में तलब किया है। वहीं, यह जांच आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर द्वारा तीन वर्ष पहले दी गई शिकायत पर उपायुक्त पानीपत डॉ. वीरेंद्र दहिया के आदेश पर शुरु की गई है। वहीं, कपूर ने आरोप लगाया कि सरकारी संरक्षण के कारण अशोक कुच्छल की कुर्सी अभी तक बची रही। वहीं, अशोक की कुर्सी ज्यादा दिन बच नहीं पाएगी। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पहले पालिका चेयरमैन चुनाव के वक्त उन्होंने सरकार के तमाम अधिकारियों को सबूतों सहित शिकायत देकर अशोक कुच्छल का नामांकन फॉर्म रद्द करने व इसे कुर्सी से हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन साल तक सरकार की कृपा से कुच्छल की कुर्सी बची रही। कपूर ने आरोप लगाया कि अशोक कुच्छल चुनाव से पहले जिस्म फरोशी के केस में बीस लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पुलिस ने गिरफ्तार किया था। करीब सवा साल तक संगीन जुर्मो में जेल में रहने के बाद जमानत पर जेल से बाहर निकला, आज भी इसका केस कोर्ट मे चल रहा है लेकिन यह क्रिमिनल रिकॉर्ड नामांकन फॉर्म में छिपा कर जुर्म किया।

## भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी, बोले कृष्ण लाल पंवार

# 'प्रदेश भर में समान रूप से गुणवत्ता वाले विकास कार्य करवाए जा रहे हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार अपने बालसखा जगपाल के सहयोगी राजेश पंवार के निवास पर प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार रोहतक से पानीपत जाते समय समालखा में अपने बालसखा समाजसेवी जगपाल गाहल्याण के पार्टनर राजेश पंवार के निवास पर पहुंचे। यहां पर राजेश पंवार, जयपाल गाहल्याण, सुभाष गाहल्याण, महिपाल आढ़ती ने मंत्री पंवार का स्वागत किया। वहीं, प्रेस से बातचीत में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि विगत 10 साल में भाजपा सरकार में जिस तरह से समानता पर जोर देकर विकास कार्य किए गए हैं, यह विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे। प्रदेश के विकास कार्यों में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो निर्णय लिए हैं वे ऐतिहासिक हैं। इन निर्णयों से प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया है कि देश और देश की जनता की सेवा ही उनके लिए सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री ने सन 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है।

देश की जनता उसे पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग देगी। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास का जो खाका तैयार किया गया है। उससे हरियाणा प्रदेश उन्नति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

### लोकप्रियता से विपक्ष बौखलाया

*मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बिना पार्टी अधूरी है। भाजपा की एकमात्र ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में विपक्ष्भ दल बेमुद्दा है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष बौखलाया हुआ है। वहीं मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में तेजी से तरक्की कर लगातार ताकतवर होता जा रहा है।*

# नकली कीटनाशक बेचने वाले गैंग का सरगना पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नकली कीटनाशक, रसायन, उर्वरक बेचने के आरोपी राजेंद्र चेनानी निवासी गांव बस्सी जिला चित्तौडगढ़, राजस्थान का काला कारोबार हरियाणा में भी फैला था। राजेंद्र को तेलंगाना पुलिस ने गिरफ्तार किया और उसके नकली कीटनाशक, रसायन, उर्वरक काले कारोबार का राजफाश किया। राजेंद्र, ये नकली नकली कीटनाशक, रसायन, उर्वरक असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं। राजेंद्र ये नकली कीटनाशक, रसायन, उर्वरक को हरियाणा के अधिकतर जिलों समेत दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में अपने साथियों के साथ प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई करता था। राजेंद्र पर कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज है और इसके पास से करीब दो करोड रूपये से अधिक कीमत के नकली कीटनाशक, रसायन, उर्वरक बरामद किए है।

### विकास कार्य ठप होने से जनता नाराज

**पानीपत।** पानीपत की अशोक बिहार कॉलोनी कुटानी रोड मेन गली पिछले छह माह पहले गली में पानी की पाइप लाइन, शिविर लाइन का कार्य ठप होने से जनता परेशान है। वहीं मार्किट के प्रधान कुलदीप वर्मा ने बताया कि गली के दुकानदारों व आम जनमानस को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कालोनीवासियों ने मंत्री को भी इस बारे अवगत कराया। मंत्री नेकालोनीवासियों को आशावसन दिया कि ठेकेदार को बोल दिया गया जल्द ही कार्य शुरू हो जायेगा।

# पानीपत को हराभरा नगर बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



बाल संस्कार चेतना कैंप में पार्षद कोमल पांचाल को सम्मानित करते हुए मेजबान।

श्री राम सेवा दल नूरवाला द्वारा बाल संस्कार चेतना शिविर के आठवें दिन नगर निगम वार्ड छह की पार्षद कोमल पांचाल बत्तौर मुख्य अतिथि पधारी। उन्होंने बच्चों को पानीपत स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने का संदेश देते हुए कहा कि वह अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। पानीपत को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें और प्लास्टिक से बने पॉलिथीन का भी त्याग करने का संकल्प लें। सभी के सहयोग से हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, महिला विंग की प्रधान पायल वधवा एवं युवा विंग के प्रधान अविनाश पुनानी ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर कर सम्मान किया। श्रीराम सेवा दल के मुख्य प्रवक्ता भूषण मदान, सिमरन पुनानी, हिमानी आन्नद, ज्योति आन्नद , गीतांजली आन्नद, काजल, डिप्पल, नेहा पुनानी, दामिनी, प्रीति शर्मा, कंचन डूमरा, प्रीति सपडा, शिल्पा, खुशी मल्होत्रा, गरीमा नवीन आदि मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ अभियान चलाएगी जाट महासभा

- नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बृजपाल को पैतृक गांव उग्राखेडी में सर्व समाज ने अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



गांव उग्राखेडी में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष बृजपाल बिंटू मलिक को सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

अखिल भारतीय जाट महासभा के पानीपत के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष बने बृजपाल बिंटू मलिक का रविवार को पैतृक गांव उग्राखेडी में सर्व समाज ने समारोह का आयोजन कर फूलमालाओं, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। वहीं, कार्यक्रम का मंच संचालन गांव के सरपंच पति सुधीर मलिक ने किया। जबकि महासभा के जिलाध्यक्ष बिंटू मलिक ने गांव की 36 बिरादरी द्वारा सम्मान करने पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि जाट महासभा के माध्यम से पानीपत जिला में सामाजिक बुराइयों को दूर करने का काम करेंगे। समाज में फैल रहे नशे के खिलाफ जिलाभर में अभियान चलाया जाएगा। बच्चों की शिक्षा विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर जोर और इसके साथ ही खेलों पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। बिंटू मलिक ने कहा कि मेधावी जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में महासभा द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर राजबीर मलिक, बालकिशन मलिक, कृष्ण मलिक, यशपाल मलिक, ओमकार मलिक, महेंद्र मलिक, सत्येंद्र मलिक, रोहताश मलिक, नवदीप मलिक, जितेंद्र जीता मलिक, दीपक मलिक, भूपेंद्र मलिक समेत बडी संख्या में सर्व समाज के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गुरुओं को दिखाए मार्ग पर चलने से मिलेगा सुख : जैन मुनि रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत में जैन मुनि रोहित महाराज ने भगवन, सुदर्शन उपकार दिवस की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एक बार गुरुदेव सुदर्शन लक महाराज एवं भगवन रामप्रसाद महाराज इक्कठे बैठे हुए अपने मन कि बात कर रहे थे। गुरूओं को दिखाए मार्ग पर चलने से सुख मिलेगा है। भगवन रामप्रसाद ने श्री सुदर्शन लाल को कहा की आपकी आवाज तो बड़ी तेज है। तब सुदर्शन लाल जी ने कहा कि मेरी तो आवाज तेज है, परंतु आपकी वाणी में जादू है आप लोगो के दिमाग हिला देते हो। तब भगवन श्री ने कहा की आप लोगो के दिलों में बस्ते हो। उन्होंने आगे कहा कि दोनों गुरुओं की जोड़ी महान थी दोनों ही गुरुदेव लोगो के दिलों और दिमाग में बसते थे, इसलिये अपने आराध्य गुरुओं पर भरोसा रखो हर प्रकार से भरपूर हो जाओगे। इधर, श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत के अध्यक्ष गौतम जैन ने बताया कि संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव सुदर्शन लाल के सुशिस्य एवं संघ संचालक मनोहर व्याखानी नरेश चंद्र के आज्ञानुवर्ति रोहित मुनि, श्रेयांस मुनि, रजत मुनि ठाने तीन जैन स्थानक अग्रवाल मंडी में विराजमान है।



**पानीपत।** रोटरी क्लब मिड टाउन के पदाधिकारीगण जन सेवा दल को फ्रीजर व व्हील चेयर भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### रोटरी क्लब ने जनसेवा दल को फ्रीजर व व्हील चेयर भेंट की

**पानीपत।** रोटरी क्लब मिड टाउन पानीपत के पदाधिकारियों ने करीब एक लाख का डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए एक बड़ा फ्रीजर और बीस व्हील चेयर जन सेवा दल के कार्यालय को समर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अथिति रोटरी क्लब मिड टाउन के पूर्व गर्वनर राजपाल रहे। प्रधान पुनीत गुप्ता, सचिव नितेश डावर, चेयरमैन संदीप खैर विशेष अतिथि के रूप में पधारें। जबकि जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा ने अध्यक्षता की। संस्था के सचिव चमन गुलाटी, कमल गुलाटी, ओमप्रकाश सिंधवानी, अशोक अरोड़ा, श्याम लाल, पवन बत्रा, ओम राजपाल आदि ने अथितियों का स्वागत किया। वहीं कृष्ण ढींगरा ने सबका आभार व्यक्त किया। रोटरी क्लब के गवर्नर राजपाल ने कहा कि मनुष्य जीवन प्रभु का अद्भुत नचींत है इसलिए हर व्यक्ति को एक दूसरे के काम आना चाहिए।

# सदगुरु कबीर साहेब की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



धानक भवन में मेयर कोमल को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मेजबान।

धानक भवन (कबीर छात्रावास) हुडा सेक्टर छह में सदगुरु कबीर साहेब की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई। कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी, समाजसेवी करण सिंह पूनिया, अखिल भारतीय डीएससी समाज के अध्यक्ष डॉ स्वामी स्वदेश कबीर, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्षद मनजीत कौर, कुसुम भट्ट, धानक समाज के जिलाध्यक्ष कृष्ण दुग्गल व जोगी राम खूडिया, करनाल सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा आदि ने सदगुरु कबीर साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और जनता से संत कबीर की शिक्षाओं का जीवन में पालन करने की अपील करते हुए कहा कि संत कबीर ने समाज को कुरीतियों से मुक्त होने का संदेश दिया था। संत कबीर चाहते थे कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में समता मुलक शिक्षित समाज की स्थापना हो। वहीं, मेयर कोमल सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर, किसान, अनूसूचित जाति,व गरीबों की सरकार है, और सभी के कल्याण के लिए काम कर रही है। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि केंद्रीय केबिनेट मंत्री मनोहर लाल के सहयोग से धानक भवन को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं धानक भवन में डिजिटल लाइब्रेरी की मांग को पूरा कराने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ रणधीर मोर, पवन बामनिया, अनिल लडवाल, इंद्र सिंह सोलंकी, जगदीश दुग्गल, मेजर जगदीश खनगवाल, मंधीर दुग्गल, सुरेंद्र, संतराम, अशोक दुग्गल समेत बड़ी संख्या में धानक समाज के लोग उपस्थित रहे।



**पानीपत।** डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान पर विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

### स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब ने वोल्फ पैक इलेवन को हराया

**पानीपत।** डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा जिला पानीपत में रविवार को गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गये मैच में स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने वोल्फ पैक इलेवन को 15 रन से हराकर अपना लगातार तीसरा मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वैट बॉक्स टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन बनाये , श्रेय जैन ने 83 व कप्तान अंकुर मिश्रा ने 41 रनों का योगदान दिया, वोल्फ पैक के लिये समीर ने 4 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए वोल्फ पैक इलेवन 20 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन ही बना सकी, विजय राणा ने 29 व अजित मलिक ने 27 रन बनाये, स्वैट बॉक्स के लिए देवांश व आयुष ने 2-2 विकेट लिये। 53 गेंदों में 8 चौके व 4 छक्कों के साथ 83 रन बनाने वाले श्रेय जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर डी आर संस्था के चैयरमैन कपिल भारद्वाज, पवन लठवाल, दीपक मलिक, अमित, सुमित, सुनील खोखर आदि मौजूद रहे।

## पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाएंगे : एसपी सिंह

# पुलिस कप्तान ने इसराना थाने का कामकाज का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना इसराना का कामकाज जांचते हुए।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना इसराना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाना के रिकार्ड की फाइलों का अवलोकन करने के साथ ही थाने की बैरिक, मैस, मालखाना व परिसर से लेकर थाने के प्रत्येक कमरे की साफ सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण उपरांत क्राइम कंट्रोल के संबंध में थाना प्रबंधक व तैनात अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मियों की थाना में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग मे थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल, एसपी रीडर एएसआई सुभाष व तैनात अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मी उपस्थित रहें। वहीं, एसपी सिंह ने बैठक में सर्वप्रथम कानून एंव व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर अनुसंधानकर्ता पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। दर्ज किसी भी मुकदमें की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखें। महिला विरूध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाए। एसपी सिंह ने निर्देश दिए कि थाना में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अच्छे से सुनवाई कर तय समय के दौरान उचित कार्रवाई करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। क्षेत्र में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बना निरंतर गश्त कर शरारती व अपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाही अमल में लाई जाए। आपराधिक प्रकार की घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें। एसपी सिंह ने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सचेत किया कि भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा। जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए ईमानदारी व लगन से अपना काम करें। जनता को पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाने का आश्वासन दिया।

### शहरी निकायों में भवनों के नक्शे स्वीकृत करने की पावर दी

**समालखा।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा ऑनलइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (होबपास ) पोर्टल पर भवनों के नक्शे स्वीकृत होने में पिछले दो महीने से चल रही समस्या का अस्थाई हल करते हुए सभी नगर निकायों को नक्शे स्वीकृत करने की पावर दी है। निदेशक शहरी स्थानीय निकाय ने इसके लिए सभी नगर निगम आयुक्तों, जिला पालिका आयुक्तों, नगर परिषदों के कार्य कारी अधिकारियों व सभी नगर पालिका सचिवों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं। यह कार्यवाही आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर द्वारा चार जून को मुख्यमंत्री नायब सैनी व शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल को ईमेल से भेजी शिकायत के तुरंत बाद हुई है। कपूर ने शिकायत में आरोप लगाया था कि पिछले दो महीने से सभी 90 शहरों में भवनों के ऑनलाइन नक्शे स्वीकृत करने का होबपास पोर्टल ठप्प होने से प्रदेशवासी भारी परेशानी उठा रहे हैं। नगर निकाय विभाग के महानिदेशक द्वारा गत छह जून को जारी निर्देशों में बताया गया है कि होबपास पोर्टल का संचालन करने वाली एसआरआईटी कंपनी एक मई से अपनी सेवाएं देने से पीछे हट चुकी है। इस कारण भवनों के प्राप्त नक्शों पर निर्णय लेने में अनावश्यक विलंब हो रहा था। इस समस्या के अस्थाई हल के लिए सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए सभी नगर निकायों को होबपास पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों की मैन्यूली जांच करके खुद ही नक्शे स्वीकृत करने के निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप



बराड़ा। ग्रामीणों को संबोधित करती विधायक पूजा चौधरी।

### 10 को होगी हल्का स्तरीय बैठक

बराड़ा। कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत मुलाना विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हल्का स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक 10 जून को सुबह 9:30 बजे कांग्रेस कार्यालय साहा में आयोजित की जाएगी। विधायक पूजा ने गांव दुराना में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान दी। विधायक ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जिला ऑब्जर्वर एवं सीडब्लूसी सदस्य विजय इंदर सिंगला करेंगे। बैठक में एचपीसीसी पर्यवेक्षक गौरव सिंह, सचिन कुंडू, तथा कंवरदीप सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### स्टूडेंट्स ने सीखी विभिन्न गतिविधियां

बराड़ा। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगला में विभागीय निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान 8 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप विद्यालय में कुल सात दिन तक चला। इस कैंप में हर दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कैंप के दौरान स्टूडेंट्स ने कई भाषाओं का शब्द ज्ञान लिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। विद्यार्थियों ने कैंप के दौरान पाक कला के गुर सीखे और कई यात्रा वृत्तांतों की वीडियो देखीं।

### भाषा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया

बराड़ा। संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में 8 जून 2025 तक भारतीय भाषा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस एक सप्ताहीय उत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें अभिवादन करना, हस्ताक्षर करना, सुंदर लेखन (कैलीग्राफी), और प्रेरणादायक स्लोगन लिखना प्रमुख रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल रचनात्मकता के अवसर मिले, बल्कि उन्होंने भाषा के प्रति सम्मान और अभिव्यक्ति की नई विधाओं को भी जाना।

### कैंप का विधिवत रूप से हुआ समापन

बराड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। सप्ताह भर चले कैंप में विद्यार्थियों को भारत की भाषाई विविधता संस्कृति और संवाद कौशल से जोड़ने का प्रयास किया गया। समापन दिवस पर एक सप्ताह की गतिविधियां पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य मंजू शर्मा ने समर कैंप से सीखे गए अनुभवो की बच्चों से क्विज के माध्यम से जानकारी ली।

---

चित्रा सरवारा ने सत्ताधारी पार्टी को चुनौती देने के लिए सशक्त प्रतिरोधक मोर्चे के गठन का किया ऐलान

# विकास की आड़ में बड़ा भ्रष्टाचार जनता को उठानी पड़ रही परेशानी

### लोगों को उठानी पड़ रही जलभराव, गड्ढों व बिजली-पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में दमदार प्रदर्शन करने के बाद रविवार को चित्रा सरवारा एक सशक्त प्रतिरोधक मोर्चे के गठन की घोषणा की। एक विशेष बैठक में चित्रा सरवारा ने अपने तमाम प्रत्याशियों को /"वार्ड प्रधान/" की जिम्मेदारी सौंपी। स्पष्ट किया कि यह टीम अब जनता की समस्याओं को लेकर एक धारदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि भले ही कुछ साथी चुनाव में विजयी नहीं हुए लेकिन वे अपने इलाके के सैकेंड इन कमांड बन कर उभरे हैं। जनता के एक एक वोट का दायित्व निभाते हुए अब हर मोहल्ला,हर गली,हर चौक पर ये साथी जन संघर्ष की मशाल बनेंगे। सरवारा ने कहा कि चुनाव केवल सत्ता पाने का ज़रिया नहीं बल्कि लोकतंत्र की जरूरत है। निकाय चुनाव में जहां राष्ट्रीय पार्टियों ने पैर रखने की हिम्मत तक नहीं रखी वही हमारी टीम ने सत्तापक्ष को मुकाबले की टक्कर देते हुए 33% से अधिक वोट शेयर लिया। सबसे ज्यादा महिलाएं,युवा और सिर्फ एक उम्मीदवार को छोड़कर सभी पहली बार मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने जनता का विश्वास और मत जीता। उन्होंने कहा कि जो साथी परिषद में चुनकर आए हैं वे जनता की सेवा में पहले से ही लगे हुए हैं। जो नहीं जीत पाए वे भी जनता के लिए अपने धर्म और ज़िम्मेदारी से विमुख नहीं होंगे। चुनाव परिणाम चाहे जो भी रहे हों टीम चित्रा का हर सिपाही जन न्याय, विकास और अधिकारों की लड़ाई में सबसे आगे रहेगा। चित्रा ने कहा अंबाला छावनी में आवाज़ उठाने वाले जिम्मेदार लोगों की जरूरत है। सरकार और अंबाला छावनी के सत्ताधारी नेता अब एक नई चुनौती के लिए तैयार रहें। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा, "हम जन आकांक्षाओं का आइना हैं। जब जन आकांक्षाएं धूमिल होंगी तब विपक्ष का धर्म बनता है कि वो सत्तापक्ष से सवाल उठाए। सभी दावों और करोड़ों रुपये लगने के बाद अंबाला छावनी भ्रष्टाचार,जलभराव,गड्ढों, बिजली-पानी की किल्लत और सफाई के अभाव जैसी समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता को उसका अधिकार नहीं मिला, तो सड़कों से सदनों तक संघर्ष होगा। उन्होंने साफ़ शब्दों में कहा कि "हमने पहले 'खड़ा यात्रा' चलाई थी, अब एक और निर्णायक यात्रा की तैयारी होगी।




अंबाला। नियुक्त किए गए वार्ड प्रधानों के साथ चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

#### वार्ड प्रधानों की बॉडी की संयोजक नियुक्त

इसी बैठक में 32 वार्डों से परिषद चुनाव में उतरे प्रत्याशियों को वार्ड प्रधान के रूप में मनोनीत किया गया। इनमें वार्ड नंबर 2 से रुचि चौधरी, वार्ड नंबर 3 से लता रानी, वार्ड नंबर 4 से गीता लोहट, वार्ड नंबर 7 से रूप चंद, वार्ड नंबर 8 से रोहताश लाल बत्तरा, वार्ड नंबर 9 से सुषमा मनचंदा, वार्ड नंबर 10 से अश्वनी कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 12 से जसविंद्र धीमान, वार्ड नंबर 13 से अंजू बाला, वार्ड नंबर 14 से अंडाला अंजू सिंह, वार्ड नंबर 15 से निशा परमार, वार्ड नंबर 16 से रवनीत कौर, वार्ड नंबर 17 से जितेंद्र खूब्बड़, वार्ड नंबर 18 से राजन कलसी, वार्ड नंबर 19 से जयप्रकाश जेपी,वार्ड नंबर 20 से रजनी रानी,वार्ड नंबर 21 से दलबीर सिंह,वार्ड नंबर 22 से सुरेंद्र सिंह आहलुवालिया उर्फ बंटी,वार्ड नंबर 23 से अमन कुमार,वार्ड नंबर 26 से संजीव शर्मा लवली, वार्ड नंबर 27 से आदित्य गोयल, वार्ड नंबर 28 से मीनाक्षी मनचंदा,वार्ड नंबर 30 से एडवोकेट अनीता सरगोधे,वार्ड नंबर 31 से रेणु बाला और वार्ड नंबर 32 से विभा खन्ना शामिल रहे। इन सभी वार्ड प्रधानों की केंद्रीय बॉडी का नेतृत्व अब मनदीप कौर करेंगी। उन्हें वार्ड प्रधानों की बॉडी की संयोजक नियुक्त किया गया है।

---



अंबाला। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में पौधारोपण करते मुख्य वक्ता व अतिथि।

## प्रदूषित वातावरण को शुद्ध बनाने से पहले हमें मन साफ करना होगा

- ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के कंचघर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंजिनियरिंग विंग के डायरेक्टर राजयोगी भ्राता भारत भूषण भाई पानीपत से पधारे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ पूजा कुमारी व सिटी मजिस्ट्रेट पीयूष गुप्ता भी पहुंचे। इसके अलावा विशेषतौर पर अनुज अग्रवाल ने समारोह में हिस्सेदारी की। बीके भारत भूषण ने बताया प्रदूषित वायुमंडल को शुद्ध बनाने से पहले हमें अपने मन को शुद्ध करने की जरूरत है। इस विश्व में मानसिक प्रदूषण बहुत फैला हुआ है। इसको दूर करने के लिए मन को पॉजिटिव करना बहुत जरूरी है। रोजाना मेडिटेशन करना भी अति आवश्यक है। मानसिक प्रदूषण को दूर करके ही हम प्रकृति के पांच तत्वों को पॉजिटिव वाइब्रेशंस का सहयोग दे सकते हैं। इसलिए जितना हो सके अपने मन को अच्छे संकल्पों से शुद्ध बनाएं तभी हम सही रीति पर्यावरण दिवस मना सकते हैं। अनुज अग्रवाल ने कहा अंबाला को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। प्लास्टिक के इस्तेमाल से बहुत से जानवरों को शारीरिक हानि हो रही है इसलिए अंबाला को प्लास्टिक मुक्त बनाने से ही पर्यावरण को शुद्ध किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हो सके अपने घर में पॉलिथीन के बैग के बजाय कपड़े के थैली का इस्तेमाल किया जाए। पूजा कुमारी ने बताया कि हमारे स्वास्थ्य का आधार प्रकृति पर निर्भर करता है, अगर प्रकृति ही अशुद्ध है तो हम सही रीति से अपने स्वास्थ्य को ठीक नहीं रख सकते तो इसलिए हमें इस पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ लगाकर प्रकृति को अपना सहयोगी बनना है। पर्यावरण को बचाना है तो सभी भाई बहनों को एक एक पेड़ लगाकर अपने स्वास्थ्य को आधार प्रदान करना होगा। सिटी मजिस्ट्रेट पीयूष गुप्ता यहां अपने संबोधन में कहा कि हमें हर कार्य निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। किसी कार्य में स्वार्थ की इच्छा न हो तो हमें एक खुद से वायदा करना चाहिए कि हमें कम से कम एक महीने में एक पुण्य का कार्य करना चाहिए तो इस महीने हम यही पुण्य का कार्य कर सकते हैं।

---

## फैमिली आईडी में दिव्यांग प्रमाण पत्र न जुड़ पाने से लोग परेशान

- पीपीपी में अपडेट के लिए के सीएससी के चक्कर काट रहे दिव्यांगजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) से संबंधित तकनीकी समस्याओं ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विशेष रूप से दिव्यांगजन पिछले एक महीने से परेशान हैं, क्योंकि फैमिली आईडी पोर्टल पर सर्टिफिकेट जोड़ने का विकल्प काम नहीं कर रहा है। इसके कारण दिव्यांगजन पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। क्षेत्र के कई लोग इस समस्या को लेकर पिछले कई दिनों से सीएससी सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि वे दस्तावेज़ों के साथ समय पर आवेदन करने के बावजूद भी फैमिली आईडी में कोई अपडेट नहीं हो पा रहा। तकनीकी अड़चनों के कारण उनके दिव्यांग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पा रहे, जिस कारण वह दिव्यांग पेंशन का लाभ नही मिल पा रहा है। लोग पिछले लगभग एक महीने से सीएससी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन फैमिली आईडी में दिव्यांग श्रेणी जुड़ नहीं पा रही।

#### लोग नही ले पा रहे योजनाओं का लाभ

पीपीपी में आ रही इस तकनीकी समस्या का सीधा असर दिव्यांगजनों की आजीविका पर पड़ रहा है, क्योंकि किसी भी दिव्यांग व्यक्ति के लिए पेंशन बहुत मायने रखती है। ऐसे में पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए उनकी फैमिली आईडी में उनकी दिव्यांगता की स्थिति का अपडेट होना जरूरी है। लेकिन वेबसाइट में पिछले एक महीने से आ रही दिक्कत के कारण दिव्यांग लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ महि मिल पा रहा है। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने सरकार से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

---

## सुभाष पार्क में बिछेगा एथिलीन प्रोपलीन डायन मोनोमर ट्रैक

- सैर करते समय बुजुर्गों के घुटनों पर नहीं होगा असर, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सुभाष पार्क में ओपन जिम की सुविधा मिलेगी। खराब और कंडम हो चुके उपकरणों को बदलकर नए लगाए जाएंगे। इस काम का नगर परिषद ने एजेंसी को जारी कर दिया है। इस सुविधा पर लगभग पांच लाख रुपये खर्च होंगे। इसका सीधा फायदा महिलाओं, बुजुर्गों विशेषकर युवाओं को होगा। वो खुले वातावरण में उपकरणों की मदद से कसरत कर सकेंगे। लगभग 20 अलग-अलग मशीनों को ओपन जिम में लगाया जाएगा जोकि शारीरिक व्यायाम के लिए काफी सहायक सिद्ध होंगे। झील के साथ मिलेगी सुविधा सुभाष पार्क में झील के साथ ओपन जिम की सुविधा मिलेगी।

इसके लिए पार्क की एक तरफ खाली जगह का निर्धारण किया गया है। पार्क आने वाले लोगों के आग्रह पर यह योजना नगर परिषद ने तैयार की है। मौजूदा समय में जो उपकरण कसरत के लिए लगे हुए हैं। उनकी हालात काफी खराब हो चुकी है। ऐसे में पार्क आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सुभाष पार्क में जल्द ही एथिलीन प्रोपलीन डायन मोनोमर (ईपीडीएम) ट्रैक बिछाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। ठेकेदार ने जगह की पैमाइश कर ली है और ट्रैक पर बिछने वाली विशेष रबड़ भी जल्द ही पार्क में पहुंच जाएगी। यह कार्य लगभग एक करोड़ की लागत से किया जाएगा। पार्क के अंदर बनाए गए एक किमी के ट्रैक पर यह विशेष प्रकार की रबड़ बिछाया जाएगा जोकि बुजुर्गों के लिए एक विशेष सौगात होगी। इससे घुटनों और पैरों पर भार नहीं पड़ेगा और बुजुर्ग आसानी से इस पर चल पाएंगे। नपा अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि सुभाष पार्क में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके तहत ओपन जिम के तहत नए उपकरण लगाए जाएंगे। जबकि बुजुर्गों के लिए ईपीडीएम ट्रैक को बिछाने का कार्य किया जाएगा।




सुभाष पार्क का बाहरी दृश्य।

---

## कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए करण राणा ने ठोकी ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

अंबाला छावनी में 'संगठन सृजन अभियान' के तहत नियुक्त पर्यवेक्षक विजयइंद्र सिंगला द्वारा एक महीने के अंदर जिला के तीन नए कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की बात कही है। उन की इस घोषणा के बाद कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई है। अब कांग्रेस संगठन में बड़े फेरबदल की अटकलों के बीच यह चर्चा जोरों पर है। मुलाना से सांसद के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण राणा ने ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के लिए ताल ठोकी है। संगठनात्मक अनुभव और राजनीतिक पकड़ को देखते हुए राणा की दावेदारी मजबूत नजर आ रही है। राणा की राजनीतिक पृष्ठभूमि बेहद सशक्त रही है। उनके पास दो दशक से भी अधिक का संगठनात्मक अनुभव है। वे पार्टी के विभिन्न मोर्चों पर महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

#### युवा कांग्रेस से की थी शुरूआत



करण राणा ने 1992 में युवा कांग्रेस से अपनी सियासी पारी शुरू की थी। वे 1996 तक जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रहे। 1995 से 2000 तक ग्राम पंचायत मुलाना, वार्ड नंबर 5 से पंचायत सदस्य रहे। 1997 से 2011 तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रेस प्रवक्ता के रूप में सक्रिय रहे। 1997 से अब तक मुलाना ग्राम के नंबरदार के रूप में सामाजिक भूमिका निभा रहे हैं। 1998 से वे मां बाला सुंदरी मंदिर सोसायटी मुलाना के सदस्य हैं। 2005 से 2010 तक ब्लॉक समिति बराड़ा के चेयरमैन रहे। 2005 से 2015 तक जिला लोक-संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति व जिला विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य रहे। 2008 से वे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष हैं। 2011 से 2015 तक उन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, बराड़ा के अध्यक्ष पद पर काम किया। वे कार्यवाहक अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटीके रूप में कार्यरत हैं। राणा की गिनती सांसद वरुण व उनके पिता चौधरी फूलचंद मुलाना के खास लोगों में होती है। मुलाना क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़, जमीनी कार्यकर्ताओं से जुड़ाव और सभी वर्गों में उनकी स्वीकार्यता उन्हें कांग्रेस संगठन में बड़ा पद दिला सकती है। गौरतलब है कि यहां से कांग्रेस विधानसभा के पिछले दो चुनाव लगातार जीतती आई है। यहां से विधायक रहे वरुण को अंबाला लोकसभा से सांसद चुना गया था।

---

## मानसिक व शारीरिक तनाव से निपटना बेहद जरूरी, शिक्षकों को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला में सीबीएसई द्वारा निर्धारित 25 घंटे की इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 'तनाव-प्रबंधन' विषय पर एक प्रभावशाली सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में आशुतोष गौर ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षकों को तनाव की पहचान एवं समाधान के व्यावहारिक तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में आशुतोष गौर ने बताया कि शिक्षक कक्षा, विद्यालय और निजी जीवन में अनेक प्रकार के मानसिक दबावों से गुजर रहा है। ऐसे में उसका शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वह विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन दे सके और समाज को योग्य नागरिक प्रदान कर सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक हर वर्ग तनावग्रस्त नजर आता है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पहले तनाव की पहचान और फिर तनाव से निपटने की विधियों को विस्तार से समझाया।



बराड़ा। सेमीनार के दौरान मौजूद विभिन्न स्कूलों के शिक्षक।

---

## सूरज कॉलेज बीसीए की छात्रा रिया शर्मा ने विश्वविद्यालय में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी द्वारा फाइनल सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बीसीए फाइनल सेमेस्टर की छात्रा रिया शर्मा पुत्री नरेंद्र कुमार ने 81.60 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स के छात्र आशीष पुत्र कुलदीप सिंह ने 74.00 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्र विवेक कुमार पुत्र दिनेश कुमार ने 68.60 प्रतिशत, हर्ष पुत्र नरेश ने 68.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बीएससी आनर्स फिजिक्स फाइनल सेमेस्टर की छात्रा मनीषा यादव पुत्री सुरेंद्र सिंह ने 88.00 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में नौवां स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



रिया शर्मा



मनीषा

---

सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन, कई गतिविधियों में छात्रों ने लिया हिस्सा

## रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने जमकर मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मावकाश समर कैंप का रविवार को समापन हो गया। समापन पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से जमकर धमाल मचाया। सबसे पहले स्केट्स के शानदार करतब दिखाते हुए प्राचार्य के तिलक सेरेमनी से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात ई-लाइटनिंग एवं डीएवी गान के माध्यम से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्कूल के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालय बच्चों के लिए हर वर्ष गर्मियों की छुट्टियों में इस समर कैंप का आयोजन करता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को खाली समय का सदुपयोग करने तथा कुछ नई चीजें सीखने का अवसर देना है। यह समय ऐसा होता है जब बच्चों के दिमाग़ में पढ़ाई का कोई प्रेशर नहीं होता है। वे हर गतिविधि को पूरा मन लगाकर और उसका आनंद लेकर सीखते हैं। इस शिविर में विद्यालय बच्चों को नई दिशाओं में ले जाने और नए कौशलों को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव और ज्ञान हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सभी प्रस्तुतियों की सराहना की । अलग अलग गतिविधियों में बच्चों ने कराटे, बॉक्सिंग,टेबल टैनिस, टेबल सॉकर,चेस, कैरम, क्ले मॉडलिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट, स्केटिंग,सिंगिंग , डांस, ड्रामा, इंग्लिश बेसिक एंड स्पीकिंग स्किल, बेस बॉल, बॉस्केट बॉल, कंप्यूटर, ऑर्केस्ट्रा, आर्ट एंड क्राफ़्ट, वैदिक मैथ एंड शार्ट कट, पर्सनेलिटी डिवेलपमेंट व जिम्नास्टिक आदि में हिस्सा लिया। कैंप में विद्यार्थियों ने जो गतिविधियां और क्रियाकलाप सीखे उनका इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया । विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित की गई आर्केस्ट्रा की मधुर धुनों ने समां बांध दिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं की पुराने गानों की प्रस्तुतीकरण बहुत ही मनमोहक रही। इसके पश्चात यूकेजीकक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने ' बादल पर पांव हैं ' गीत पर नृत्य किया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों का 'बुद्धू सा मन है' पर नृत्य अत्यंत मनमोहक रहा। आत्मरक्षा के लिए करांटे का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा तीसरी ,चौथी और पांचवी की छात्राओं का 'पंजाबियां दी शान वखरी' पर गिद्दा अत्यंत प्रशंसनीय रहा।



अंबाला। शिविर के समापन पर रंगारंग कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।